प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या प्रशिक्षण शिविर का प्रारम्भ

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के सभागार में दिनांक 11-09-2017 से जिला रेड क्रॉस सोसायटी फरीदाबाद और सेंट जोन एम्बुलेंस एसोसिएशन फरीदाबाद के सहयोग से चल रहें पांच दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या शिविर में महाविद्यालय की युवा रेड क्रॉस की तीनों इकाइयों के 111 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। जिला रेड क्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के मुख्य प्रशिक्षक डॉ. एम.पी.सिंह ने आज दिनांक 13-09-2017 को विशेष परिस्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा सहायता और गृह उपचार के अंतर्गत प्रयोग होने वाली पट्टियों की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त युवा रेड क्रॉस इकाई प्रथम के मुख्य संयोजक डॉ जयपाल सिंह ने बताया की पांच दिनों तक चलने वाले इस शविर में रक्त की जानकारी, रक्तदान, नेत्रदान को प्रोत्साहन, हड्डियों के टूटने पर उसका उपचार, जलने का उपचार, घटना स्थल से घायल व बेहोश व्यक्ति को कैसे उठाना है, सांप, बन्दर, बिच्छू व कुत्ते के काटने और जहर फलने पर प्राथमिक उपचार आदि की जानकारियां स्वयंसेवकों को दी जा रही है। यह शिविर दिनांक 15-09-2017 तक चलेगा जिसमें सफल स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र भी प्रदान कियें जायेंगे। इस अवसर पर युवा रेड क्रॉस इकाई द्वितीय के काउंसलर डॉ. विनोद राठी व तृतीय के काउंसलर श्री लवकेश भी उपस्थित थे।